## एचटी पंपों की सुधार रिपोर्ट पेश करें नगर निगम अधिकारी : दलीप सिंह

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आयुक्त ने बिजली खपत, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, गौशाला, स्वच्छता सर्वेक्षण सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।



निगमायुक्त ने सहायक यंत्री जगदीश वर्मा को एचटी पंपों की एफिशियेंसी की जांच करवाने तथा सुधार के निर्देश दिए। शहर की स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस को लेकर समय पर लाइट चालू एवं बंद करने को कहा। एलटी पंपों पर लगे अधिभार का कारण पूछते हुए सुधार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने गौशाला पर फोकस देते हुए कहा कि गौशाला में पानी एवं भूसे की व्यवस्था के साथ कैमरे भी लगवाएं ताकि निरंतर मॉनिटरिंग हो सके। क्षिप्रा प्लांट पर भी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। उपयंत्री राजेश कौशल को निर्देश दिए कि क्षिप्रा प्लांट पर एलम एवं क्लोरीन पर्याप्त मात्रा में रहे। इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर रजिस्टर मेंटेन करें तथा टर्बिडिटी की भी प्रतिदिन रिपोर्ट लें। आयुक्त ने पीएम स्वनिधि के आवेदनों पर फोकस करने, नए आवेदन लेने, क्रेडिट कार्ड का वितरण करने तथा संबल के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने को कहा। अनुग्रह सहायता राशि की भी जानकारी ली। समग्र ईकेवाईसी पेंडिंग प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जल गंगा अभियान के तहत जलाशयों, कुएं, बावड़ियों की सफाई की जानकारी ली तथा नालों, नालियों की सफाई एवं रात्रिकालीन सफाई पर फोकस करने को कहा। स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए सीवरेज तथा चेम्बरों की सफाई करवाने एवं चेम्बरों के भराने तथा सड़कों पर पानी आने की शिकायत का तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए। अवैध से वैध नल कनेक्शनों के कार्य में प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताई। कंपाउंडिंग के कार्य में प्रगति लाने को कहा। अस्थाई अतिक्रमण हटाने तथा अमानक पॉलिथीन एवं सड़क पर निर्माण मटेरियल डालने पर चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्डों में प्रतिदिन उपयंत्री निरीक्षण करें एवं शिकायतों पर ध्यान दें। वार्ड दरोगा द्वारा कार्य में लापरवाही करने पर सूचना पत्र देने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। सीवरेज कनेक्शनों की प्रोग्रेस बढ़ाने के साथ सहायक यंत्री श्री वर्मा को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन एवं समयावधि पत्रों का समय सीमा में निराकरण करने को कहा। मिशन कर्मयोगी कोर्स पूर्ण करने एवं कोर्स से सीखने को कहा। वाहनों की रिपेयरिंग शीघ्र कराने तथा मैरिज गार्डनों से गीला, सूखा कचरा उठाने हेतु समय पर कचरा संग्रहण वाहन भेजने के निर्देश दिए।

### रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग पर एक हफ्ते मे मांगी रिपोर्ट

रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए गए लक्ष्य में प्रगति नहीं होने पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा कार्य में शत प्रतिशत प्रगति लाने को कहा। स्थाई कर्मचारियों को भी अपने घरों में ग्राउंड वॉटर रिचार्ज हेतु रिचार्ज पिट लगाने को कहा।



## रक्तदान शिविर में 14 लोगों ने किया रक्तदान

**टोंकखुर्द।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंक खुर्द परिसर में बुधवार को सीबीएमओ डॉक्टर माया कल्याणी के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम डाक्टर कल्याणी ने बताया गया कि रक्तदान शिविर का मानवीय जीवन में महत्व अधिक होता है रक्तदान से प्राप्त रक्त का उपयोग कई जीवन रक्षक स्थितियों में किया जा सकता है इस अवसर पर शिविर में देवास जिला चिकित्सालय की टीम विजय वर्मा अंजली सिंह राजपूत सुषमा वर्मा द्वारा 14 लोगों का रक्तदान करवाया गया शिविर में अभिभाषक सुमेर सिंह यादव ने भी रक्तदान किया। शिविर में बी ई ई गोवर्धनसिंह पारसनिया , बीपीएम फिरोज शेख, बीसीएम सारिका काजी, प्रहलादसिंह लबरावदिया, कृष्णमूर्ति शिवहरे, विक्रम सिंह अमजेरिया आदि का विशेष सहयोग रहा.

## बाबा साहब के विचारों को अंगीकार कर जीवन में अपनाएं : मनोज चौधरी

**देवास।** समीपस्थ ग्राम पंचायत ग्राम राजोदा के नयापुरा में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गई।

हाटपिपल्या विधानसभा के विधायक मनोज चौधरी के मुख्य आतिथ्य में एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया, जनपद सदस्य वरुण चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद दिलीप चौरसिया,जन अभियान सदस्य सरिता चौकीकर के विशेष आतिथ्य में एवं राजोदा सरपंच सत्यनारायण चौधरी की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। हाटपिपल्या विधायक मनोज चौधरी ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला एवं बाबा साहब के विचारों को अंगीकार कर उन्हें अपने जीवन में अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में सभी अतिथि वक्ताओं ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक श्री चौधरी द्वारा जन समुदाय को जल संरक्षण एवं स्त्रोतों के संवर्धन हेतु जल शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से विजय सूर्यवंशी, भारत सूर्यवंशी, लकी बडिया, बनेसिंह सूर्यवंशी, रितेश सूर्यवंशी, संदीप सूर्यवंशी, भगवंता बामनिया, सुगंध परमार, मुकेश परमार, राहुल सूर्यवंशी, भगवान परमार आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पंचायत राजोदा के प्राधिकृत अधिकारी संतोष बारोलिया ने किया। आभार विजय सूर्यवंशी ने माना।




## लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली पर दी बधाई

**देवास।** निगम सीमा क्षेत्र में स्थित भवन भूमि के संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा संग्रहण वसूली को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने बैठक कर संबंधित नाकेदारों को दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने पूरी राजस्व टीम को उनकी लगन एवं मेहनत से लक्ष्य से अधिक वसूली पर बधाई दी।

आयुक्त ने निरंतर राजस्व वसूली को लेकर सभी नाकेदारों को करंट डिमांड सुधारने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने बताया कि जीआईएस सर्वे अनुसार 1200 प्रॉपर्टी ऐसी हैं जिन्हें चिन्हित नहीं किया गया है और न ही उनके खाते खोले गए हैं। इन्हें चिन्हित कर मौके पर नपती करें तथा डिफरेंस वाली प्रॉपर्टी का कुल एरिया निकालकर उनके खाते खुलवाकर राशि जमा करवाएं। जिन वार्डों से वसूली प्रभावित हुई है उन वार्डों पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए सुधार के लिए पूरी मेहनत करने के निर्देश दिए। वसूली का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इन कमजोर वार्डों में बकायादारों से सतत संपर्क कर वसूली करें। वार्ड से राजस्व वसूली का पूरा प्लान बनाएं, टारगेट फिक्स करें तथा वार्डों में प्रॉपर्टी चिन्हित करें। जिन प्रॉपर्टियों की बकाया राशि जमा नहीं हुई है उन पर कुर्की की कार्रवाई प्रस्तावित करने को कहा। निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कचरा संग्रहण शुल्क में प्रगति नहीं होने पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने वसूलीकर्ताओं को दिए गए लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं आने पर वेतन रोके जाने की चेतावनी दी।

### एक नजर में

### शेख झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष



**देवास।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निकेश ईश्वरसिंह चौहान ने कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं समस्त प्रकोष्ठो के प्रभारी महेन्द्रसिंह चौहान की अनुशंसा पर खलील एहमद शेख को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पं. प्रयास गौतम, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी, पार्षद पं. दीपेश कानूनगो, ब्लाक अध्यक्ष इशान राणा, रूपेश कल्याणे, प्रतीक शास्त्री, कल्याणसिंह दरबार, डॉ. गजेन्द्रसिंह तोमर, कैलाश सोलंकी, श्रीराम साहनी, मनीष मालवीय, नारायणसिंह अस्ताया, बाबूलाल फतरोड़, छीतूलाल मालवीय, मोतीलाल मालवीय, कृष्णकांत यादव, राजेश तंवर, चमेलीबाई यादव, आशबाई मालवीय, सीताबाई यादव, कलाबाई आदि ने बधाई देते हुए वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया।

### समय सीमा में हो समस्याओं का निराकरण

**देवास।** प्रति बुधवार महापौर जनसुनवाई के अन्तर्गत 22 अप्रेल बुधवार को महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा जनसुवाई की गई। महापौर ने निगम बैठक हाल में नागरिकों से उनकी निगम संबंधि समस्याओं के आवेदन लेकर आवेदन मे बताई गई समस्या के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवेदनों का निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। महापौर ने नागरिकों से प्राप्त आवेदनों में वार्ड 21 गंगा नगर कालोनी पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटवाने, वार्ड 7 पुष्पकुंज कालोनी मे रोड पर अवैध अतिक्रमण को हटाने, राजाराम नगर ब्रिज के नीचे अवैध अतिक्रमण हटाने, लक्ष्मी पार्क रोड पर कम प्रेशर से पानी आने एवं अन्य निगम संबंधि समस्याओं के आवेदनों को निरकारण के लिए संबंधित विभागों मे भेजा गया। जनसुनवाई के दौरान महापौर गीता अग्रवाल ने विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ 6 व्यवसाईयों को खाद्य एवं अखाद्य लायसेंसों का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल, प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिंह पंजाबी, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, राजेश कौशल, चंदन सोनी, जीवन रावत, पलक श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, हेमन्त उबनारे, मुन्ना कुरैशी, विशाल जगताप एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रेस वार्ता

**देवास।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 'संशोधन प्रस्ताव के संसद में पारित नहीं होने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय देवास में मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में सांसद एवं प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव एवं विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि यह विधेयक देश की आधी आबादी के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि संसद में जो हुआ, वह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि महिला विरोधी गठबंधन ने इस ऐतिहासिक अवसर को बाधित कर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का जो संकल्प लिया है, वह किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं पड़ेगा। वानखेड़े ने यह भी जोड़ा कि उज्ज्वला योजना, जन-धन खाते, मातृत्व सुरक्षा योजनाएं और तीन तलाक जैसे फैसलों ने महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है, जबकि विपक्ष केवल बयानबाजी तक सीमित रहा है।

## 18वीं राज्य स्तरीय डॉजबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**देवास।** मध्यप्रदेश डॉजबॉल संघ के सचिव प्रवीण सांगते ने बताया कि 18 वीं राज्य स्तरीय डॉजबॉल महिला पुरूष प्रतियोगिता का भव्य उदघाटन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सचिन बघेल प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, महेश परमार विधायक तराना थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयसिंह ठाकुर अध्यक्ष मध्यप्रदेश डॉजबॉल संघ ने की।

विशिष्ट अतिथियों में खेल गुरु राधेश्याम सोलंकी,विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते, मुकेश यादव, निलेश बिलरवान उपस्थित रहे। स्वागत भाषण प्रवीण सांगते ने दिया। अतिथियों का स्वागत देवास जिला डॉजबॉल संगठन सचिव तरुण सोनी, हेमेन्द्र निगम काकू, कपिल व्यास, मनीष जायसवाल,जय कुमार दोहरे, लवलीन शर्मा, तरुण सोनी, जानवी सांगते, सलीम शेख, बद्रीलाल रतलाम, एम्बुरोस मंदसौर , अरुण नीमच, अब्दुल रशीद गुना,पुष्कर राजपूत भोपाल, अर्पण कटारिया सीहोर, सुमित सांगते आदि ने किया। श्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ी जितना अनुशासन के साथ खेलेगे उतने अच्छे खिलाड़ी साबित होंगे। श्री ठाकुर ने खिलाड़ियों से कहा कि जिला ही नहीं अपितु प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर अपना नाम गौरवान्वित करे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। अतिथियों को आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों के लगभग 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## एसपी कार्यालय पहुंचे छात्र, करियर और मेहनत पर मिला मार्गदर्शन

### पुलिस अधीक्षक भी रहे हैं एक्सीलेंस के छात्र

**देवास ।** बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां एसपी पुनीत गेहलोद ने उनसे विस्तृत संवाद किया। स्वयं इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे एसपी ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर दिशा दी।



एसपी गेहलोद ने छात्रों से कहा कि वे अपने जीवन का लक्ष्य तय करें और उसे पाने के लिए लगातार मेहनत करते रहें। उन्होंने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए धैर्य और अनुशासन जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि सफलता मिलने पर अहंकार नहीं करना चाहिए। हमेशा जमीन से जुड़े रहकर सीखते रहना ही आगे बढ़ने का सही रास्ता है। उन्होंने कहा कि अभी मिली उपलब्धियां सिर्फ शुरुआत हैं, आगे और बड़ी चुनौतियां आएंगी, जिनके लिए खुद को तैयार रखना जरूरी है। संवाद के दौरान एसपी ने विद्यालय के हालिया परीक्षा परिणामों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में पढ़ाई कर बेहतर परिणाम हासिल करना छात्रों की मेहनत को दर्शाता है। कक्षा 10वीं में जिले के टॉप-10 में से 5 और कक्षा 12वीं में 3 विद्यार्थी इसी विद्यालय के रहे हैं, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। एसपी ने विद्यार्थियों को सीए, एमबीबीएस, आईआईटी और यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पढ़ाई के सही तरीके, समय प्रबंधन और लगातार अभ्यास पर जोर दिया। इस दौरान छात्रों ने भी अपने सवाल रखे, जिनका उन्होंने विस्तार से जवाब दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण कराया गया। यहां उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली, आपातकालीन सेवाओं और तकनीकी व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई।

## अमलतास में लैम्प लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**देवास।** अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस में बी.एससी. नर्सिंग एवं जी.एन.एम. के नवागत विद्यार्थियों के लिए लैम्प लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का गौरवपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमलतास ग्रुप के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया की गरिमामयी उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संयुक्त स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक पिप्पल, पाटीदार नर्सिंग कॉलेज (उज्जैन) की प्राचार्य डॉ. नेहा टायटस एवं देवास की मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्सबेक उपस्थित रहीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में नर्सिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र नर्सिंग के बिना अधूरा है। यह केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा भाव से जुड़ा एक अत्यंत सम्मानजनक कार्य है। मरीजों की रिकवरी में एक नर्सिंग ऑफिसर की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संगीता तिवारी ने विद्यार्थियों को नर्सिंग के विस्तृत कार्यक्षेत्र से अवगत कराया।

बल्कि वे कम्युनिटी हेल्थ नर्स,मिलिट्री, एयरफोर्स और नेवी नर्स,फॉरेंसिक और रिसर्च नर्स,लीगल एडवाइजर और इंफेक्शन प्रिवेंशन एक्सपर्ट जैसे विविध और प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएं दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पीटर ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उप-प्राचार्य डॉ. मोहसिन खान ने कॉलेज की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट साझा की। साथ ही, शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## हवनखेड़ी में साइकिल पाकर खुश हुए बच्चे



**देवास।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय हवनखेड़ी में नए सत्र 2026 27 में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार गदाईशा पिपलिया से कक्षा 6 टी में प्रवेश लेने वाले 16 विद्यार्थियों को सायकल वितरित की गई। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक अप्रैल से शुरू प्रवेश के बाद अप्रैल माह में ही बच्चों को सरकार की ओर से सायकल प्राप्त हो गई है। सायकल पाकर सभी बच्चे बहुत प्रसन्न हुए। सायकल वितरण कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष और वार्ड के वर्तमान पंच हकीम पटेल, शाला प्रबंधन समिति के वर्तमान अध्यक्ष असलम पटेल, विद्यालय का स्टॉफ यशवंत दयाल, छाया मानकर, अंजली साहू, अंजुम शेख, अक्षीला शर्मा और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों को थमाया शोकाज नोटिस

**टोंकखुर्द ।** टोंक खुर्द ।शासन की जनसुनवाई प्रति मंगलवार को टोंक खुर्द जनपद सभा कक्ष मे आयोजित होती है टोंक खुर्द एसडीएम संजीव सक्सेना की उपस्थिति में टोंक खुर्द तहसील क्षेत्र के पीड़ित लोगों की गंभीर प्रमुख समस्या की सुनवाई के लिए। एसडीएम सक्सेना प्रति मंगलवार को जनसुनवाई मे उपस्थित रहते हैं। ऐसे ईमानदार अधिकारी कि लोगों में ईमानदारी की प्रशंसा की छाप जमी हुई है उनके कार्य के प्रति एवं निष्पक्ष कार्य ईमानदारी से पीड़ित लोगों का तत्काल ही समस्याओ की कार्रवाई को मौका स्थल पर ही कार्यों का निराकरण किया जाता है। संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियो अनुपस्थित रहते हैं। उनके विरुद्ध जनसुनवाई में नहीं आने से विभागीय कार्य रुक जाता है। एसडीएम सक्सेना प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि। शासन द्वारा लोगों की लिखित आवेदन पत्र एवं शासन की सीएम हेल्पलाइन 181 की समस्या के लिए प्रति मंगलवार को 2 घंटे का समय देना चाहिए लेकिन कई विभाग के पदस्थ अधिकारी,कर्मचारी अनुपस्थित रहने के कारण सख्त निर्देश निकाल कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**एक नजर में** — विश्व पृथ्वी दिवस पर मातृ भूमि का पूजन कर पौधा रोपा

## हर घर सकोरा अभियान से बच्चों ने लिया पक्षियों की प्यास बुझाने का संकल्प

**देवास।** बढ़ती गर्मी के बीच एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जहां सतपुड़ा एकेडमी ने विद्यार्थियों के माध्यम से समाज को संवेदनशील संदेश दिया। 'हर घर सकोरा' अभियान के तहत बच्चों को मिट्टी के सकोरे वितरित कर न केवल पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया, बल्कि प्यासे पक्षियों के लिए जीवनदायिनी व्यवस्था करने का संकल्प भी दिलाया। ग्रीष्म ऋतु बेजुबान पक्षियों के लिए बेहद कठिन हो जाती है। इसी संवेदनशील विषय को ध्यान में रखते हुए मक्सी रोड स्थित तुलजा विहार कॉलोनी की सतपुड़ा एकेडमी में सकोरा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार थे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की वैभव विहार शिक्षा समिति अध्यक्ष एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता ही सच्ची मानवता की पहचान है। सतपुड़ा एकेडमी द्वारा बच्चों में यह संस्कार विकसित करना अत्यंत सराहनीय है। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने घरों में सकोरे लगाकर पक्षियों के लिए नियमित पानी की व्यवस्था करेंगे । सीबीएसई कक्षा दसवीं में उच्च अंक प्राप्त कर प्रवीण्य सूची में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने सम्मानित किया ।

